### राम सराय क्षेत्र में हादसा टला, कोई जनहानि नहीं, नगर निगम कराएगा मरम्मत का काम, शुरू की गई कवायद

# जाजमऊ में नाला धंसा, मकानों में दरार से हड़कंप

## आस-पास बने हैं पक्के मकान और दुकानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ स्थित राम सराय क्षेत्र में बड़ा नाला धंस गया। करीब साढ़े सात मीटर चौड़े और 25 मीटर लंबाई तक धंसे नाले की स्लैब के नीचे एक ठेला भी दब गया। गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई। कुछ मकानों में दरार की सूचना है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार नाले में दरार की सूचना पर स्थानीय लोगों को पहले ही आगाह किया गया था और पास के मकान खाली करा लिया गये थे।

जाजमऊ के सरैया में 1990 में इण्डो डच प्रोजेक्ट के तहत बाजार के बीच से निकलकर शीतला बाजार ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाला नाला लिंटर डालकर पाट दिया गया था। इसके बाद नाले के ऊपर बाजार लगने लगी थी। नगर निगम ने इस बाजार को शिफ्ट कर दिया। लेकिन, इसके आस-पास बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। पक्के घरों से सटाकर ही यह नाला बना हुआ है। मंगलवार करीब तीन बजे नाले की स्लैब तेज आवाज के साथ धंस गई। तेज आवाज होने पर आसपास मकानों के लोग निकल आए।



नाले की स्लैब टूट कर गिर गई। अमृत विचार

- पिछले कई दिनों से नाले के आस-पास आ गई थीं दरारें
- सुबह 3 बजे की घटना, नगर निगम का अमला पहुंचा

नगर निगम जोन-2 के जोनल अभियंता दिवाकर भास्कर ने बताया कि आशंका पर पहले ही एक मकान को खाली करा दिया गया था। उधर जाने वाली रोड पर बड़े वाहन की आवाजाही रोक दी गई थी। आसपास के मकानों की जांच कराई जा रही है। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक 2010 में भी ये नाला धंसा था। जिसमें कुछ लोगों की मौत हो गई थी। ये नाला जर्जर है फिर भी नगर निगम ध्यान नहीं दिया।

## सीसामऊ नाले की सफाई न करने पर जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सत्या कन्सट्रक्शन पर 20 हजार का जुर्माना लगाया
- लापरवाही पर जोनल व अवर अभियंता को नोटिस

**अमृत विचार।** सीसामऊ नाले में पुलिया से मकराबर्टगंज ढाल तक मानव बल से सफाई होनी है। इसका कार्यादेश भी जारी कर दिया गया है। लेकिन अभी तक कंपनी ने सफाई शुरू नहीं की है।

मंगलवार को नाला सफाई का अचानक निरीक्षण करने पहुंचे नगर आयुक्त ने इस पर फर्म श्री सत्या कन्सट्रक्शन पर 20 हजार का अर्थदण्ड लगाने के निर्देश मुख्य अभियन्ता को दिये। एक माह के अन्दर काम पूरा करने को कहा। वहीं, सांई मन्दिर से 12/480 पुलिया होते हुए मैकराबर्टगंज तक कार्य सीसामऊ नाले की सफाई में लापरवाही पायी गयी।

इस पर नगर आयुक्त ने जोनल अभियन्ता कमलेश पटेल और अवर अभियन्ता बृजेश को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश मुख्य अभियन्ता को दिये। नगर आयुक्त ने कहा कि एक सप्ताह के अन्दर हर हाल में कार्य पूरा कर लिया जाये। नगर आयुक्त ने मुख्य अभियन्ता को निर्देश दिए कि जिन कार्यों का आदेश पहले ही जारी हो चुका है, उन कार्यों को तत्काल कार्य प्रारम्भ कराया जाए।



निरीक्षण करते नगर आयुक्त। अमृत विचार

# ठेकेदार ने धमकाया तो युवक ने दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, सचेंडी/कानपुर

- फोन कर हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दी थी ठेकेदार ने

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र के कला का पुरवा निवासी 17 वर्षीय संदीप सिंह ने देर रात घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पिता रावेन्द्र सिंह ने बताया कि वह रामपुर भीमसेन में स्थित एक दोना पत्तल फैक्ट्री में ठेकेदार के पास कार्य कर रहा था। आरोप लगाया कि मजदूरी का पैसा मांगने पर ठेकेदार ने सोमवार शाम को फोन कर संदीप को अपशब्द कहे और हाथ-पैर तुड़वाने की धमकी दी। इसी से सहमे बेटे ने आत्महत्या कर ली।



संदीप सिंह।

पिता ने बताया कि शाम को सभी गांव में हो रही रामलीला देखने चले गए थे। बताया कि रात करीब 12.30 बजे वापस लौटने पर संदीप का शव धन्नी से लटका देखा। पिता ने बताया कि लगभग चार माह पूर्व बड़े भाई कुलदीप ने रेलवे लाइन पर कट कर जान दे दी थी। दो मौतों से पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूटा है। इस संबंध में सचेंडी इंस्पेक्टर जसवंत सिंह ने बताया कि मृतक का फोन कब्जे में लिया गया है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने पेड़ से लटककर आत्महत्या की

कानपुर। सचेंडी थानाक्षेत्र के जुगराजपुर निवासी 34 वर्षीय सौरभ सिंह ने घर से कुछ दूर पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि वह एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। बताया कि सोमवार रात उसने खाना खाया इसके बाद खाना खाकर टहल कर आने की बात कही। देर रात उसका शव घर के पास पेड़ से लटकता मिला।

## रंजिश में युवकों को रॉड से पीटा रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने युवक समेत उसके साथियों को जमकर मारापीटा। हमले में रॉड से वार करने पर वह लोग लहूलुहान हो गए। पीड़ित ने घायलावस्था में थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

गज्जूपुरवा निवासी समीर अंसारी उर्फ कल्लू टेनरी कर्मी हैं। उसने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल को टेनरी जा रहे थे। तभी रास्ते में इलाके का शोएब किसी युवक से मारपीट कर रहा था। इस पर उन्होंने बीच बचाव किया। जिस पर शोएब रंजिश मानने लगा। 17 अप्रैल की दोपहर को घर से टेनरी जा रहे थे। तभी शोएब ने बेल्ट से हमला कर दिया। कल्लू घर की तरफ भागे तो आरोपी एक दर्जन साथियों के साथ आया और उन्हें पीटने लगा। बीच बचाव करने पर उनके बहनोई खालिद और दोस्त शारिक को भी मारापीटा। थाना प्रभारी ने बताया मामला दर्ज किया है।

# आसानी से बन सकेंगे परिषदीय स्कूलों के बच्चों के आधार कार्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- खंड शिक्षा कार्यालय में उपलब्ध हैं मशीनें

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में प्रवेश के लिए आधार कार्ड बाधा नहीं बनेगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से व्यवस्था की गई है। परिषदीय स्कूलों में प्रवेश के लिए आने वाले बच्चों का आधार बनाए जाने के लिए आवेदन कराया जाएगा। जिले के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आधार बनाए जाने की मशीनें उपलब्ध हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से नए सत्र की शुरुआत से ही प्रवेश महोत्सव चलाया जा रहा है। इस महोत्सव में के तहत कई ऐसे अभिभावक भी सामने आए जिनके बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं था। इसके चलते वे प्रवेश कराने में झिझक रहे थे। इस समस्या का समाधान करते हुए विभाग की ओर से जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में आधार कार्ड बनाए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही अभिभावकों को यह भी बताया जा रहा है कि प्रवेश के साथ ही उनके बच्चों के आधार कार्ड की व्यवस्था भी स्कूल की ओर से की जाएगी। अधिकारियों की ओर से स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि प्रवेश के लिए स्कूल आए बच्चे का आधार कार्ड नहीं है तो उस बच्चे का आधार खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में जाकर बनवाया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि आधार न होने की वजह से किसी भी परिषदीय स्कूल में बच्चे का प्रवेश रोका नहीं जाएगा।




### इसलिए आधार जरूरी

- बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बच्चों के लिए कई तरह की सुविधाएं और योजनाएं उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए आधार अनिवार्य दस्तावेज माना जाता है। बच्चों के लिए आधार बनाए जाने के लिए विभाग की ओर से अभियान चलाया जाता है। इस बार प्रवेश के साथ ही आधार बनाए जाने की व्यवस्था की गई है।

### 17 स्कूलों में पढ़ाई

- बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले में 1786 स्कूल संचालित होते हैं। इनमें पिछले सत्र में लगभग 1.53 लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। इस बार परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या में इजाफा करने के लिए इस व्यवस्था को शुरुआत से ही लागू की गई है। अधिकारियों का मानना है कि इससे अभिभावकों को सहूलियत हो सकेगी।

# गैंगस्टर शाहिद पिच्चा पर 25 हजार का इनाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 41 मुकदमों का आरोपी है चमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर

**अमृत विचार।** फरार गैंगस्टर शाहिद पिच्चा पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया है। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें शाहिद और उसके साथियों की तलाश कर रही हैं।

चमनगंज के सईदाबाद निवासी शाहिद पिच्चा और उसके साथी अन्नू पिस्टल और लारेब के खिलाफ रेलबाजार पुलिस ने पिछले दिनों गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। 16 अप्रैल को गैंगस्टर मामले में वांछित शाहिद एक शादी में शामिल होने के लिए चमनगंज गया था। उसे दबोचने के लिए क्राइम ब्रांच टीम ने जाल बिछाया था, लेकिन सड़क पर कार खड़ी करने को लेकर चमनगंज थाना प्रभारी व क्राइम ब्रांच टीम के बीच विवाद हो गया। इसी बीच शाहिद भाग गया था। शाहिद पिच्चा पर हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, लूट, चोरी आदि करीब 41 से ज्यादा मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। वह बिल्डर और नेतागीरी की आड़ लेकर पुलिस से बचना चाह रहा था। हाल ही में रेलबाजार पुलिस ने एक और मुकदमा दर्ज किया था तब से वो फरार है।

### चार बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

- **कानपुर।** फीलखाना इंस्पेक्टर रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नौशाद अली उर्फ गुड्डू लंगड़ा निवासी मछरिया, शरीफ निवासी बेगमपुरवा, रहीम निवासी इंद्रानगर शुक्लागंज, सलीम निवासी गोताखोर कालोनी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गैंग लीडर नौशाद है। इन शातिरों का मुख्य पेशा चोरी का है। पुलिस कमिश्नर से मिली संस्तुति के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की गई।

## सार-संक्षेप

### प्लॉट दिलाने के नाम पर डॉक्टर से लाखों ठगे

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में डॉक्टर को प्लॉट दिलाने के नाम पर आरोपी ने उनसे लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ श्यामबाबू शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह आवास विकास केशवपुरम के निवासी हैं। वह और उनके सहयोगी डॉ पंकज कुमार ओमर ने अशोक कुमार निषाद ग्राम परमियापुरवा से कार्यालय उपनिबंधक जोन दो में प्लॉट का सौदा किया जो कुल 16,66,000 का था। समझौते के समय विक्रेता अशोक कुमार निषाद ने सात लाख प्राप्त कर लिए। शेष धनराशि बैनामा के समझौते पर दिए जाने पर दोनों पक्ष रजाबंद हुए। लेकिन विक्रेता ने शेष प्रक्रिया पूरी नहीं की। प्रक्रिया पूरी करने को कहने पर बार-बार यही कहा कि अभी भाइयों में बंटवारा नहीं हो पाया है। इस बीच अशोक कुमार निषाद ने समझौते के बाद फर्जी दस्तावेज तैयार करके दे दिए जिसके बाद धोखाधड़ी का पता चला। इस संबंध में नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि अशोक कुमार निषाद के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट लिखकर मामले की जांच की जा रही है।

### शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर चार लाख ठगे

**कानपुर।** शेयर मार्केट में कम समय में अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने बाबूपुरवा निवासी युवक से करीब चार लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाबूपुरवा, बगाही निवासी दानिश ने बताया कि बीती 15 फरवरी को इंस्टाग्राम के जरिये शेयर मार्केट से संबंधित एक लिंक मिला। लिंक पर क्लिक करते ही वह एक वाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए, जिसमें शेयर मार्केट से संबंधित जानकारी सिखाई जाती थी। ग्रुप में जुड़े एलियाज, अर्जुन कपूर, मीरा गुप्ता आदि ने झांसे में लेकर करीब चार लाख रुपये एक खाते में जमा करवाए। 22 मार्च 2024 को वह ग्रुप बंद हो गया। थाना प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### चेकिंग में पकड़े गए अवैध वेंडर

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर मंगलवार रेलवे अधिकारियों ने दो दर्जन से अधिक ट्रेनों में अचानक छापा मारा और अवैध वेंडर दबोचे। सेंट्रल स्टेशन पर उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में चेकिंग हुई। दिल्ली व हावड़ा रूट की करीब दो दर्जन ट्रेनों में चेकिंग अभियान चला। एक-एक यात्री का टिकट चेक किया। अवैध वेंडरों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चला। टीम ने बगैर टिकट पकड़े गए यात्रियों पर जुर्माना लगाया। पकड़े गए अवैध वैंडरों के खिलाफ कार्रवाई कर आरपीएफ अपने साथ ले गई।

### दुकानदार के साथ 80 हजार की टप्पेबाजी

**कानपुर।** पिपौरी स्थित बिजली कारोबारी से टप्पेबाज ने 80 हजार रुपये की ठगी कर ली। पड़ोस में लगे सीसीटीवी में आरोपी कैद हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। बर्रा सात निवासी आदित्य कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि उनकी पिपौरी में सिद्धी इलेक्ट्रिकल्स दुकान में मंगलवार सुबह एक युवक आया और प्लाट में वायरिंग की बात कहकर 80 हजार रुपये का सामान खरीदा। जालसाज ने सारा सामान इलेक्ट्रीशियन को देकर आने की बात कहकर अन्य उपकरणों का पर्चा थमा दिया। आदित्य ने दुकान के सामने वेल्डिंग का काम करने वाले युवक करन को उसके साथ भेज दिया। करन ने बताया कि रास्ते में टप्पेबाज सिगरेट पीने लगा और एक घर की ओर इशारा करते हुए पिता से प्लाट की चाभी लाने की बात कही। करन चाभी लेने गया तभी टप्पेबाज फरार हो गया। गुजैनी के कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है।

### मसाला थूकने में चलती ट्रेन से गिरा अधेड़, मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां में चलती ट्रेन से मसाला थूकने के चक्कर में अधेड़ खम्भे से टकराकर ट्रेन से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। अहिरवां चौकी प्रभारी अरुण यादव ने बताया कि बिहार सिम्पोल जिला निवासी 55 वर्षीय मनोज अपने तीन साथियों के साथ दरभंगा से ट्रेन से दिल्ली जा रहे थे। मनोज के साथियों ने बताया कि अहिरवां में मनोज ट्रेन के दरवाजे पर खड़ो होकर मसाला थूक रहे थे तभी रेलवे के खम्भे से टकरा गए और ट्रेन से नीचे गिर गए। मनोज की मौके पर ही मौत हो गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कानपुर। कन्नौज के थाना कोतवाली ग्राम मिश्रीपुर निवासी 25 वर्षीय रंजीत राजपूत की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई नरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि 23 अप्रैल को जानकारी हुई कि रंजीत मंधना फ्लाईओवर के सामने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गया था। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक की शिनाख्त की।

# हफ्ते में तीन दिन सुने जाएंगे उपभोक्ताओं के मामले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुरुवार, शुक्रवार व शनिवार को होगी सुनवाई
- राज्य उपभोक्ता आयोग ने जारी किए निर्देश

**अमृत विचार।** अब सप्ताह में तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार व शनिवार को उपभोक्ता मामलों में सुनवाई होगी, यह निर्देश राज्य उपभोक्ता आयोग ने कार्यवाहक अध्यक्ष को दिए हैं।

नौ माह पूर्व नगर आयोग के अध्यक्ष के सेवा मुक्त होने के बाद से नगर उपभोक्ता आयोग के कार्य ठप पड़े हुए है। मामले की शिकायत सेंट्रल बार एसो. के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष से की थी। जिसके बाद जालौन के उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष विनोद कुमार कटियार को कानपुर का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। प्रवीण फाइटर ने बताया कि कार्यवाहक अध्यक्ष सप्ताह में दो दिन प्रशासिनक कार्य करते थे। जिस कारण फाइले लंबित पड़ी हुई थी। मामले राज्य आयोग की मामले की स्थिति से अवगत कराया। जिस पर राज्य आयोग ने कार्यवाहक अध्यक्ष को गुरुवार, शुक्रवार व शनिवार को प्रशासनिक कार्य के साथ न्यायिक कार्य निपटाने के आदेश दिए।

## मुकदमा वापस न लेने पर धमकी

**कानपुर।** अनम इस्टेट धुरू का पुरवा जुगौर चिन्हट निवासी अमितेश गौड़ ने पुलिस को बताया कि 25 अप्रैल को मोहित मिश्रा निवासी ताड़बगिया जाजमऊ ने मारपीट की थी। जिस पर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें मोहित मिश्रा जेल भेजा गया था। जेल से जमानत पर छूटने के बाद लगातार मोहित मिश्रा और रितिक सेठी निवासी गुप्तार घाट उस पर दबाब बना रहे हैं। आरोप लगाया कि मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मोहित मिश्रा व रितिक सेठी के खिलाफ धमकाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बात मानो वर्ना रेप कर तेजाब डाल देंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नवाबगंज में दो युवतियों को शोहदों ने दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज
- आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही पुलिस

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में घरों में खाना बनाने वाली दो युवतियों को आरोपियों ने सड़क पर रोक कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने रेप कर तेजाब से जला डालने की धमकी दी। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के कारण जीना दुश्वार हो गया है। नवाबगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला ने पुलिस को बताया कि वह महिला मित्र के साथ चार महीने से किराये के कमरे में रहती है। आरोप है कि मोहल्ले के बड़े लाल, मनीष और राहुल छेड़छाड़ करते हैं। 13 अप्रैल को तीनों ने रास्ते में रोक कर उससे छेड़छाड़ की। कहा कि अगर उन लोगों की बात नहीं मानी तो दोनों का रेप करके तेजाब डाल देंगे। गालीगलौज करके जान की धमकी दी। विरोध करने पर पीटा भी। इससे वे दहशत में हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।



### बाथरूम में भतीजी को दबोचकर कपड़े फाड़े

- रायपुरवा थानाक्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने आरोप लगाया कि 23 अप्रैल की दोपहर चाचा ने उसे बाथरूम में बदनीयती से दबोच लिया और कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाया तो मारपीट कर दी। चाचा जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़िता ने बताया कि चाचा विवेक मिश्रा आए दिन गलत हरकतें करते हैं। बाथरूम में ताकाझांकी करते हैं और वीडियो बनाते हैं। उसने पुलिस से शिकायत की है। इस संबंध में रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष गौड़ ने बताया कि विवेक मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**जांच-पड़ताल** नगर आयुक्त के निर्देश पर जोनल स्वच्छता अधिकारी-5 ने सौंपी रिपोर्ट

# अफीम कोठी से बर्रा तक 54 जगह मलबा पड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुख्य अभियंता को जल्द हटवाने के निर्देश, दूसरे जोनों में भी मॉनीटरिंग

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के निर्देश के बाद नगर निगम जोनवार मलबा चिह्नित कर रहा है और उसे हटवा भी रहा है। जोनल स्वच्छता अधिकारी – 5 ने भी सर्वे कर अपनी रिपोर्ट सबमिट की है। जिसमें अफीम कोठी, जीटी रोड होते हुये बर्रा तक नगर निगम अधिकारियों को 54 जगह मलबे का ढेर मिले हैं। जो रास्ता घेरने के साथ ही प्रदूषण के स्तर को भी बढ़ा रहा है। वहीं, एलआईयू की रिपोर्ट के अनुसार इस मलबे का अराजकतत्व गलत उपयोग भी कर सकते हैं। जिसको देखते हुये नगर निगम मुख्य अभियंता को मलबे को तत्काल हटवाने के लिये कहा गया है।

शहर के अति-संवेदनशील इलाकों की सड़कों पर पड़े ईंट-पत्थर (मलबा) हटाने के लिये एलआईयू ने डीएम को पत्र लिखा था। आशंका जताई थी कि यदि माहौल बिगड़ा तो इस मलबे का दुष्प्रयोग किया जा सकता है। इसके बाद से नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर नगर निगम शहर के सभी जोन में भी सड़क और फुटपाथ पर पड़े मलबे की रिपोर्ट तैयार कर रहा है। जोन-5 के जोनल स्वच्छता अधिकारी को अपने क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर ही 54 जगहों पर मलबा पड़ा मिला। इसके आधार पर रिपोर्ट पेश की है। इसी तरह अन्य जोन भी अपनी रिपोर्ट बना रहे हैं। सभी जगह से मलबा हटवाया जाएगा।



जोन-5 की एक सड़क के किनारे पड़ा मलबा। अमृत विचार

# गोविंदनगर में वालेंटियर्स ने संभाला यातायात

- नंदलाल व चावला मार्केट चौराहे पर तैनात किए गए

**कानपुर।** नंदलाल व चावला मार्केट चौराहे पर रोज शाम छह से नौ बजे तक लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए गोविंद नगर पुलिस ने अंखड हिंद फौज के वालेंटियर्स तैनात किए। इंस्पेक्टर ने बताया कि वालेंटियर्स रोजाना तीन घंटे तक चौराहे की यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में ट्रैफिक पुलिस की मदद करेंगे।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर के अधिकांश पुलिसकर्मी बाहरी जिलों में ड्यूटी पर गए हैं। जिस कारण अधिकतर चौराहों पर सुबह व शाम के समय जाम की समस्या रहती है। जाम से प्रभावित होने वाले चौराहों में गोविंदनगर के नंदलाल व चावला मार्केट चौराहा भी शामिल हैं। जाम से निजात दिलाने के लिए गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा ने एक नई पहल की शुरूआत की। उन्होंने थानाक्षेत्र के दोनों चौराहों को जाम से मुक्त बनाने के लिए अखंड हिंद फौज संस्था का सहयोग लिया है। मंगलवार शाम छह बजे से नौ बजे तक फौज के पांच से अधिक वालेंटियर्स का नंदलाल व चावला चौराहे की यातायात व्यवस्था संभाली। इस दौरान कई बार जाम लगा जिसे खुलवाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक रोजाना शाम छह बजे से नौ बजे तक संस्था के वालेंटियर्स यातायात व्यवस्था संभालने में पुलिस का सहयोग करेंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रवीण कुमार यादव पुत्र राम खिलावन यादव, निवासी– ग्राम– पौथिया, जिला–हमीरपुर,** अपने पुत्र आमोद यादव के दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में इनसे मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अंशू शर्मा पुत्र सत्यनाम, निवासी– ग्राम– सलेमपुर अचाका, पोस्ट– छतौनी, तहसील– मोहनलालगंज जिला लखनऊ,** मेरी पुत्री के नाम आपकी शाखा में एक खाता है, जिसकी खाता सं0–....... है। उपरोक्त खाते में मेरी पुत्री का नाम अनन्या शर्मा पुत्री अंशू शर्मा दर्ज है जो कि गलत दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड व अन्य घरेलू अभिलेखों में उसका नाम शुभी शर्मा पुत्री अंशू शर्मा तथा जन्मतिथि–10.04.2015 दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। अतः उपरोक्त खाते पर त्रुटिवश दर्ज गलत नाम अनन्या शर्मा के स्थान पर सही नाम शुभी शर्मा, जन्मतिथि 10.04.2015 दर्ज किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम दिलीप कुमार लालसा कनौजिया से बदलकर दिलीप कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **–दिलीप कुमार पुत्र लालसा राम सुमेर कनौजिया, निवासी– ग्राम व पो0– बढ़या, अतरौलिया, आजमगढ़**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD NADEEM AHMAD अंकित हो गया है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा वास्तविक नाम MOHD NADIM AHMED है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा वास्तविक नाम दर्ज किया जाय। **–मो0 नदीम अहमद, निवासी– ग्राम–भिटौरा, पो0–भिटौरा, थाना– रैनाही तहसील– सोहावल, जिला अयोध्या मोबाइल नं0––9198658643**



The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


**आज का मौसम**
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| 39.0° | 21.4 |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:37 | सूर्यास्त 06:37 |

## शहर में आज

- **बैठक :** भाजपा कोर कमेटी की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में सुबह 10:30 बजे से।
- **बैठक :** सपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव के संबंध में पदाधिकारियों के बीच चुनावी बैठक दोपहर दो बजे।
- **कार्यक्रम :** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा मर्चेंट चैंबर हाल में कार्यक्रम 3:30 बजे।
- **शिविर :** गोविंद नगर स्थित संत निरंकारी भवन में मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर शाम चार बजे।

# महिला पार्षद से मारपीट छेड़छाड़ का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्वालटोली थानाक्षेत्र का मामला, दो लोगों पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में एक महिला पार्षद को रोड पर कब्जा किए दबंग से सड़क खाली करने की बात कहना महंगा पड़ गया। आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट और छेड़खानी करने की संयुक्त पुलिस आयुक्त के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ग्वालटोली निवासी महिला पार्षद के अनुसार उनके निवास को जाने वाली सड़क पर संतोष कबाड़ी, रमेश व उनके पिता वाबू राम ने अतिक्रमण कर रखा है। पूरी सड़क पर कबाड़ फैला रखा है। उन्होंने कई बार इसकी शिकायत पुलिस से की थी। इससे वे लोग रंजिश मानते हैं। उस रास्ते पर सड़क निर्माण चल रहा है। आरोपियों के कब्जे वाले हिस्से पर निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था। इस पर ठेकेदार धीरज गुप्ता ने उन्हें बुलाया। वह मौके पर पहुंची और आरोपियों से अवरोध के बारे में कहा। इस पर आरोपियों ने जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट कर दी। ईंट से हमला कर दिया, ईंट ठेकेदार धीरज को लगी। क्षेत्रीय पुलिस के न सुनने पर पीड़िता ने मामले की शिकायत संयुक्त पुलिस आयुक्त से की। ग्वालटोली पुलिस ने संतोष व रमेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सर्वाइकल कैंसर के सर्वाधिक रोगी उत्तर प्रदेश में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जानकारी देतीं डॉ.करेश प्रसाद, प्रो. नमिता बत्रा समेत अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सर्वाइकल कैंसर ग्रस्त रोगियों की संख्या के मामले में भारत विश्व में पांचवें नंबर है। भारत में प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश और दूसरे नंबर पर तमिलनाडु शामिल हैं। इसलिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के एनएचएम बिल्डिंग में 25 अप्रैल को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरुकता व नर्सिंग स्टाफ के लिए वर्कशॉप आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.करेश प्रसाद ने दी।

डॉ.करेश प्रसाद ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है, जो गर्भाशय ग्रीवा (गर्भाशय के मुंह) से शुरू होता है। यह दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। एशिया में सबसे ज्यादा सर्वाइकल के मामले इंडोनेशिया में हैं। वहां पर 25 प्रतिशत महिलाएं इस कैंसर से ग्रस्त हैं। जबकि पांचवें स्थान पर भारत है। भारत में 18 प्रतिशत केस हैं। युवतियों व महिलाओं में जागरुकता की कमी के कारण केस बढ़ रहे हैं। यह कैंसर पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) नामक वायरस के संक्रमण के कारण होता है। इससे संक्रमित महिला की मौत भी हो सकती है। सर्वाइकल कैंसर का शुरुआत में ही पता चलने पर इसे गंभीर होने से रोका जा सकता है। इसलिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में 25 अप्रैल को आईसीएमआर द्वारा सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कॉलेज की प्रो.नमिता बत्रा ने बताया कि कार्यशाला में जिला स्वास्थ्य विभाग की करीब 70 नर्सिंग स्टाफ प्रतिभाग करेंगी। नर्सों को प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीता गुप्ता व डॉ.पाविका लाल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया जाएगा कि अस्पताल में आने वाली महिलाओं की जांच कैसे और किस प्रकार करनी है।

- उत्तर प्रदेश के बाद तमिलनाडु में सबसे ज्यादा रोगी हैं

### सर्वाइकल कैंसर के कारण व लक्षण

प्रो.नमिता बत्रा ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस, आनुवंशिकता, पर्सनल हाइजीन की कमी, असुरक्षित यौन संबंध, एक से ज्यादा यौन साथी सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण हैं। इसके शुरुआती लक्षणों में बार-बार यूरिन आना, पीरियड्स अनियमित हो जाना, भूख न लगना या बहुत कम खाना, पेट के निचले हिस्से में दर्द या सूजन, शारीरिक संबंध के बाद खून निकलना व पीरियड्स में सामान्य से ज्यादा खून निकलना समेत आदि है।

## एक नजर

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**कानपुर।** बाबूपुरवा पुलिस ने जिला बदर अपराधी को क्षेत्र में घूमते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के चाचा नेहरू कॉलोनी निवासी अरमान चौड़ा शातिर अपराधी है। जिसे 21 नवम्बर 2023 को छह माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था। लेकिन इसके बाद भी वह अपने घर मे रह रहा था। सोमवार की देर रात को आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### स्कूल गईं दो नाबालिग लापता, अपहरण की रिपोर्ट

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के नेहरू नगर के रहने वाले युवकों ने पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल को उनकी 14 वर्षीय और 15 वर्षीय पुत्री सुबह करीब सात बजे स्कूल के लिए निकली थीं। तबसे लापता हैं। नजीराबाद पुलिस ने अज्ञात पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज देख रही है।

# फुटपाथ पर मरीज, बाहर से मंगवाते दवा

## जेके कैंसर अस्पताल में बदहाली का आलम, रैन बसेरे में ताला, भटकते रहते हैं मरीज और तीमारदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


जेके कैंसर संस्थान परिसर में फुटपाथ पर लेटते हैं मरीज। अमृत विचार


निजी मेडिकल स्टोर के पर्चे पर लिखीं दवाएं

**अमृत विचार।** जेके कैंसर संस्थान में सेम डे इलाज व जांच कराना मुश्किल है, क्योंकि संसाधन ही नहीं हैं। पहले से ही आकर मरीज संस्थान के बाहर एक या दो दिन पहले से इलाज व जांच कराने की आस में फुटपाथ या पार्क में लेटे रहते हैं।

रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान की ओपीडी में प्रतिदिन दो सौ के करीब मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इन मरीजों को डॉक्टरों का परामर्श तो मिल जाता है लेकिन संस्थान में भर्ती होने, जांच और दवा समेत आदि सुविधाओं का लाभ लेने के लिए मरीजों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

मरीजों के एक से दो दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। परिसर में बने रैन बसेरे में ताला पड़ा रहता है, जिस वजह से मरीज और तीमारदार फुटपाथ और पार्क में लेटते हैं। कैंसर के रोगियों को निजी मेडिकल स्टोरों से हजारों रुपये की दवाएं और निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों की जांचें लिखीं जा रही हैं। गंभीर मरीजों के लिए तो संस्थान में पर्याप्त संसाधन तक नहीं हैं।

> मरीज व उनके तीमारादारों के रुकने के लिए जेके संस्थान परिसर में रैन बसेरा की सुविधा है। उनको रैन बसेरे में जाना चाहिए। डॉक्टरों द्वारा संस्थान में मरीजों को भर्ती किया जाता है। मशीनें पुरानी हैं, जिस वजह से निर्धारित जांचें ही की जाती हैं। अस्पताल में दवाएं उपलब्ध हैं। जो डॉक्टर बाहर की दवा लिख रहे हैं उनसे पूछताछ की जाएगी।
>
> -डॉ.एसएन प्रसाद, निदेशक जेके कैंसर संस्थान, रावतपुर

- उन्नाव निवासी व्यक्ति ने बताया कि पत्नी की जुबान में कैंसर हो गया है। दो माह से जेके कैंसर संस्थान से इलाज चल रहा है। मंगलवार को भी वह इलाज कराने पहुंचे तो बाहर से हजारों रुपये की दवा मंगवाईं व जांचें लिखीं। पत्नी के मुंह में नली पड़ी है, उसे अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया, इसलिए संस्थान के बाहर लिटाने पर मजबूर हैं।
- जालौन निवासी व्यक्ति ने बताया कि 55 वर्षीय पिता के गले में कैंसर है, जेके कैंसर संस्थान में डॉक्टर ने दवा तो मंगा ली, लेकिन अस्पताल में भर्ती नहीं किया। जबकि अस्पताल में बेड खाली हैं। भर्ती न किए जाने पर मजबूरन पिता को संस्थान परिसर में फुटपाथ पर लिटाना पड़ रहा है।
- हरदोई निवासी युवक ने बताया कि 58 वर्षीय मां के गले में कैंसर है, उनको जांच के लिए जेके कैंसर संस्थान लाए। पता चला कि संस्थान में प्रतिदिन 10 से 15 मरीजों की जांच की जाती है। अन्य बचे रोगियों को नंबर दे दिया था, इसलिए रात फुटपाथ पर काटनी पड़ती है। वहीं, दो मंजिला रैन बसेरा बना है, लेकिन वहां व्यवस्था नहीं है।
- बांदा निवासी 62 वर्षीय वृद्ध ने बताया कि गले में कैंसर हो गया था, जिसके लिए थेरेपी की जरूरत पड़ती है। कैंसर के दर्द के साथ परिसर में पूरा दिन व रात फुटपाथ गुजारते हैं। अब पांचवीं थेरेपी होनी है, जिसके लिए एक दिन पहले आना पड़ता है, नहीं तो थेरेपी मिलना मुश्किल हो जाता है।

# मई के पहले सप्ताह में आएंगी अंकतालिकाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहले इंटर की मार्कशीट का होगा स्कूलों से वितरण
- स्कूलों से समन्वय के लिए टीम का गठन होगा

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा की अंकतपालिकाएं मई के पहले सप्ताह तक जिले में आ जाएंगी। शिक्षा अधिकारियों ने पहले इंटर की अंकतालिकाओं के आने की बात कही है। तीन दिन बाद से वितरण शुरू होगा। यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम इस बार जल्द आने से छात्र-छात्राओं ने राहत की सांस ली है।

यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाण इस बार काफी जल्दी आ गया। अब इंटर की अंकतालिकाओं के वितरण की व्यवस्था की जा रही है। इसके तीन दिन बाद हाईस्कूल की अंकतालिकाएं छात्र-छात्राओं को मिल सकेंगी। अंकतालिकाओं को सुरक्षित रखने और उन्हें स्कूल तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि अंकतालिकाओं के वितरण के लिए स्कूलों से समन्वय किया जा रहा है। टीम का जल्द ही गठन किया जाएगा।

इस बार यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम सबसे पहले आने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को सहूलियत मिली है। प्रधानाचार्य परिषद के मंडलीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश मिश्रा ने बताया कि रिजल्ट जल्दी आने से कई फायदे रहते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के करियर के लिहाज से ये बेहद मुफीद साबित होता हैं। जल्दी रिजल्ट आने से छात्रों का आगे का लक्ष्य निर्धारित हो जाता हैं। जेईई मेन्स की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी राहत है।

# पिकेट प्वाइंट के सामने शटर तोड़कर चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चमनगंज थानाक्षेत्र के रूपम चौराहे पर हुई घटना
- सीसीटीवी में कैद हुए चोर पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र के रूपम चौराहे पर पुलिस पिकेट प्वाइंट के सामने मेडिकल स्टोर का शटर तोड़कर चोरों ने एक लाख की नकदी और अन्य सामान पार कर पुलिस को खुली चुनौती दे दी। दुकान में लगे सीसीटीवी में चोर कैद हो गए।

परमपुरवा निवासी सगीर अहमद का रूपम चौराहे पर मेडिकल स्टोर है। सोमवार रात करीब ढाई बजे सगीर कर्मचारियों से दुकान बंद करवाकर घर गए थे। तड़के करीब पांच बजकर 26 मिनट पर दुकान में घुसे चार चोरों ने शटर तोड़कर दुकान के कैशबाक्स में रखी एक लाख रुपये की नकदी व अन्य सामान पार कर दिया। सुबह चोरी का पता चला। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाले तो तीन युवक दुकान में घुसते नजर आए जबकि एक बाहर खड़ा होकर रेकी कर रहा था। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारी हामिद सिद्दीकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।



### गीताप्रेस का ताला तोड़कर 38 हजार रुपये चोरी

- फीलखाना थानाक्षेत्र में बिरहाना रोड निवासी गिरधारी लाल चौधरी ने पुलिस को बताया कि गोविन्द भवन कार्यालय यूनिट गीता प्रेस का ताला और कैश बॉक्स का ताला तोडकर 38,726 रुपये की चोरी कर ली गई। बताया कि 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे दुकान खोलने के समय पता चला कि रिटेल काउन्टर के शटर के दोनों ताले गायब हैं व कैश बॉक्स का लॉक तोड़कर कैश गायब है। इस संबंध में फीलखाना इंस्पेक्टर रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### घर में घुसकर माल पार

- ग्वालटोली थानाक्षेत्र के मकबरा निवासिनी जीनत फात्मा ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल को घर में तड़के चार बजे के आसपास खटपट की आवाज हुई। जिस पर वह हड़बड़ा कर उठी देखा एक अनजान व्यक्ति घर में घुसा था। जब उन्होंने शोर मचाया तो तो वह दो थैले लिए दरवाजे से भाग गया।

### मंदिर का दानपात्र तोड़कर हजारों ले गए चोर

**कानपुर।** चोरों ने हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में तेलियाना स्थित आदिशक्ति मंदिर में दानपात्र तोड़कर 15 से 20 हजार के आसपास नकदी चोरी कर ली। चोर सीसीटीवी में कैद हुए हैं। आदिशक्ति मंदिर के पुजारी गंगाराम ने पुलिस को बताया कि चोरों ने सोमवार देर रात मंदिर में रखे तीन दानपात्रों को तोड़कर रकम पार कर दी। हरबंश मोहाल पहुंची और मामले की जांच की। पुजारी की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# दुल्हन करती रही इंतजार, दूल्हा प्रेमिका को लेकर हुआ फरार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वर पक्ष पर लगाया पांच लाख रुपये व कार मांगने का आरोप
- डीसीपी साउथ ने हनुमंत विहार पुलिस को सौंपी जांच


आरोपी युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार निवासी दुल्हन अपने नए जीवन के सपने संजोए हुए थी, तभी शादी से दो दिन पहले दूल्हा अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया। मंगलवार को वधू पक्ष को जानकारी मिली तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वधू पक्ष ने वर पक्ष पर दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी नहीं होने पर बारात न लाने का आरोप लगाते हुए डीसीपी साउथ से शिकायत की। डीसीपी ने जांच हनुमंत विहार पुलिस को सौंपी।

हनुमंत विहार थानाक्षेत्र निवासी पिता ने बताया कि उनकी बेटी नौबस्ता स्थित विद्यालय में 11वीं की छात्रा थी। विद्यालय का शिक्षक बेटी को ट्यूशन पढ़ाने के लिए घर आता था।

इस दौरान दोनों में प्रेम संबंध हो गए। 23 अप्रैल को दोनों का विवाह तय किया गया। शादी से दो दिन पहले 21 अप्रैल को युवक अपनी दूसरी प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। वर पक्ष ने नौबस्ता थाने में युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई। मंगलवार को वधू पक्ष ने डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार से दहेज की मांग पूरी न होने पर बारात न लाने की शिकायत की। उन्होंने हनुमंत विहार पुलिस को मामले की जांच सौंपी। वहीं नौबस्ता थाना प्रभारी जगदीश पांडेय ने बताया कि युवक की गुमशुदगी दर्ज है। युवक की तलाश की जा रही है।

# हरबंश मोहाल इंस्पेक्टर लाइन हाजिर किए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सटोरियों की गिरफ्तारी में भूमिका संदिग्ध पाई गई
- क्राइम ब्रांच के विक्रम सिंह को मिला थाने का चार्ज

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में एक होटल से सटोरियों के पकड़े जाने के बाद भूमिका संदिग्ध मिलने पर पुलिस कमिश्नर ने हरबंश मोहाल इंस्पेक्टर विनीत चौधरी को जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बाद लाइन हाजिर कर दिया। उनके स्थान पर क्राइम ब्रांच में तैनात विक्रम सिंह को हरबंशमोहाल थाने की कमान सौंपी है।

क्राइम ब्रांच ने 13 अप्रैल को हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र के होटल मेफेयर इन के रूम नंबर 103 में आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा खिलवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया था। टीम ने उनके पास से 19.05 लाख रुपये, 12 मोबाइल, रजिस्टर, एक लैपटॉप बरामद किया था। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने जांच एसीपी कलक्टरगंज मोहम्मद मोहसिन खान को सौंपी थी। एसीपी ने अपनी जांच रिपोर्ट में इंस्पेक्टर की भूमिका संदिग्ध लिखी थी। जांच रिपोर्ट के आधार पुलिस कमिश्नर ने मंगलवार देर शाम इंस्पेक्टर विनीत चौधरी को लाइन हाजिर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### गोविंदनगर में बिस्तर से गिरकर वृद्ध की मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में एच ब्लॉक निवासी 74 वर्षीय शंकरलाल सोमवार शाम सोते समय बिस्तर से गिर गए। जिससे उनके चोट आ गई। हैलट अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि तीन माह पूर्व उनकी पत्नी की मौत हो चुकी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### अर्मापुर में मिला ट्रक चालक का शव

**कानपुर।** औरेया के सत्येश्वर चौराहा के पास रहने वाले राजेश सिंह ट्राला के चालक थे। उनके भाई शिवम ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह गाड़ी लेकर भांजे दीपक सिंह के साथ निकले थे। लेकिन उनका शव अर्मापुर थानाक्षेत्र के गन फैक्ट्री के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। भाई के अनुसार उनके सिर पर चोट लगी थी। घटना के बाद पत्नी रामदेवी, तीन बेटी और बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ट्रेन से कटा युवक

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के के ब्लॉक यशोदा नगर निवासी 24 वर्षीय अनुज सिंह की हावड़ा ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी कानपुर सेंट्रल ने शव को मार्चुरी भिजवा दिया। सोमवार शाम को ममता देवी ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक की शिनाख्त बेटे के रूप में की।

**लापरवाही** रामगोपाल चौराहे पर फाल्ट सही करने के दौरान हादसा, गुजैनी पुलिस ने लाइनमैन को हैलट में कराया भर्ती

# गलत शटडाउन लेने से लाइनमैन झुलसा, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


इसी जगह हुआ हादसा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केस्को सबस्टेशन के कर्मचारियों की लापरवाही से मंगलवार को एक संविदाकर्मी लाइनमैन की जान पर बन आई। कर्मचारियों के गलत लाइन पर शटडाउन लेने से संविदाकर्मी 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलस गया। साथी कर्मचारी उसे पास के ही निजी अस्पताल में ले गए, जहां से उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं लापरवाही बरतने पर एसएसओ व जेई के खिलाफ जांच के आदेश जारी किए गए।

मूलरूप से बांदा निवासी अनिकेत यादव (35) कल्याणपुर में किराये के मकान में पत्नी नीलम व दो बच्चों के साथ रहता है। अनिकेत गुजैनी सबस्टेशन में सविंदाकर्मी लाइनमैन है। मंगलवार सुबह अनिकेत साथी कर्मचारी प्रदीप उर्फ राजा व ड्राइवर आदेश कुमार के साथ रामगोपाल चौराहे पर फाल्ट सही करने गया था।

साथी लाइनमैन प्रदीप ने बताया कि लाइन सही करने के लिए अनिकेत ने एसएसओ संतोष कुमार से वैष्णवी विहार का फीडर बंद करने के लिए शट डाउन मांगा था। जिस पर संतोष कुमार ने दूसरा सीपीडब्ल्यू का फीडर बंद कर दिया। इसके बाद अनिकेत जैसे ही लाइन सही करने के लिए खंभे पर चढ़ा तभी 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस कर गिर पड़ा। साथी कर्मचारी उसे निजी अस्पताल ले गए जहां से हैलट भेज दिया गया। हैलट में उसकी हालत गंभीर है। मामले की जानकारी पर बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस मामले में केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि लापरवाही बरतने पर एसएसओ संतोष कुमार व जेई आरपी पाल को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है, मामले की जांच की जा रही है। वहीं गुजैनी कार्यवाहक थाना प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि अभी परिजनों की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# जय बजरंगबली हनुमान, करो कल्याण...

## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में भक्तों का लगा तांता, दिनभर हुए धार्मिक अनुष्ठान, भंडारों में प्रसाद पाया


नेहरू नगर में बाला जी का शृंगार।


बाला जी मंदिर नेहरू नगर में प्रसाद बांटते समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल।


पनकी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी कतार। अमृत विचार


कमला टावर के सालासर बाला जी मंदिर में उमड़े भक्त। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** भक्तों ने मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति से हनुमान जन्मोत्सव मनाया। हनुमान मंदिरों में हवन-पूजन हुआ। चोला चढ़ाने के बाद आरती उतारी गई। भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ हुए। मंदिरों में भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बालाजी मंदिर नेहरूनगर में मंगलवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह हवन-पूजन के साथ धार्मिक आयोजन शुरू हुए। इसके बाद दिनभर मंदिर में भजन व कीर्तन होते रहे। संकटमोचन के जयकारों से वातावरण भक्तिमय रहा। भंडारे में भक्तों प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में हनुमान समेत अन्य झांकियों ने भक्तों को निहाल किया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव अजय अग्रवाल, प्रमोद पांडेय, जितेंद्र त्रिपाठी, विनीत दीक्षित, गौरव अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे। वहीं पनकी हनुमान मंदिर में भी जन्मोत्सव पर धार्मिक आयोजन हुए। मंगलवार सुबह से ही मंदिर गेट पर भक्तों की लंबी लाइन लगी रही और जयकारे गूंजते रहे। मंदिर के महंत कृष्णदास, जितेंद्र दास ने बताया कि हनुमानजी को चोला चढ़ाया गया। नए वस्त्र धारण कराकर आरती उतारी गई। श्रीसालासर मंदिर कमला टावर में श्री सालासर बालाजी मंडल की ओर से 28वां जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। महिला मंडल की ओर से मंदिर के नौवें स्थापना दिवस पर भजन संध्या हुई। राधा-कृष्ण की रासलीला, काली का रक्तबीज संहार, हनुमान जन्मउत्सव की झांकियों ने मनमोहा। देवराज शर्मा, मुकेश गोयल, हरी प्रसाद मोहता, ज्ञानेंद्र विश्नीई आदि रहे। इसके अलावा दक्षिणेश्वर मंदिर, कंपनीबाग चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में उत्सव हुआ।

## टीकाकरण से बच्चे व मां को संक्रमण से बचाव होता

**कानपुर।** टीकाकरण का महत्व लोगों को बताने और जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग 24 अप्रैल से 30 तक विश्व प्रतिरक्षक सप्ताह मनाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि नियमित टीकाकरण सत्र दिवस से पहले आशा कार्यकर्ता या लिंक वर्कर के जरिए लाभार्थियों के बीच बुलावा पर्ची का वितरण कराया जा रहा है। विश्व प्रतिरक्षण सप्ताह के तहत लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। गर्भवतियों को टीकाकरण से होने वाले फायदें बताए जाएंगे। कुछ टीके लगने के बाद बुखार आ सकता है, लेकिन इससे कोई हानि नहीं होती है। इस संबंध में उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि टीकाकरण सत्र की जानकारी और सुविधा पाने के लिए क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व एएनएम की मदद से ली जा सकती है। वहीं, टोल फ्री नंबर 104 पर भी संपर्क किया जा सकता है ।
गर्भवती को पहला टीका गर्भावस्था का पता चलने पर और दूसरा टीका एक महीने के अंतराल पर जरूर लगवाना चाहिए।पांच साल तक के बच्चों को सात पर टीकाकरण लगवाना चाहिए।

## सार-संक्षेप


शिक्षिकाओं के साथ मौजूद सफल छात्राएं। अमृत विचार

### ज्ञान भारती की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में सहायता प्राप्त विद्यालयों में ज्ञान भारती बालिका इंटर कालेज बिरहाना रोड का रिजल्ट बेहतर रहा। हाईस्कूल की खुशबू कश्यप ने 93 प्रतिशत के साथ विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है। अंशिका सविता व तनिष्का रावत ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इंटरमीडिएट में मानविकी वर्ग में नैंसी गुप्ता ने 83 प्रतिशत, वाणिज्य वर्ग मंश वेदिका प्रजापति ने 83 प्रतिशत अंकों के साथ गणित में 100 अंक प्राप्त किए हैं। विज्ञान वर्ग में अनुष्का गुप्ता ने 82 प्रतिशत व पलक ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। मानविकी वर्ग में तीन, विज्ञान वर्ग में 15 व वाणिज्य वर्ग में चार छात्राएं ससम्मान उत्तीर्ण हुईं हैं।


छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। अमृत विचार

### छात्र परिषद ने ली शपथ

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में मंगलवार को छात्र परिषद का अलंकरण समारोह हुआ। छात्र परिषद के चयनित हेड ब्वाय कुरेश माहेश्वरी, हेड गर्ल नंदिनी पुरी, एसोसिएट हेड ब्वाय एकलव्य गोयल और एसोसिएट हेड गर्ल आयुषी जैन ने शपथ ली। मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के सीनियर उप प्रधानाचार्य गणेश तिवारी, जूनियर उप प्रधानाचार्या मधुश्री भौमिक, हेड मास्टर एमके मिश्रा, जीएम शैलेंद्र अग्निहोत्री व सभी शिक्षक, अभिभावकगण मौजूद रहे। प्रधानाचार्या ने छात्र परिषद के सदस्यों को उनके उत्तरदायित्व बताए। अपने कुशल नेतृत्व के साथ विद्यालय को उच्चतम शिखर पर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।


जेएमडी स्कूल की विजेता टीम। अमृत विचार

### जेएमडी स्कूल को बेस्ट डेलीगेशन अवॉर्ड

**कानपुर।** जेएमडी वर्ल्ड स्कूल मैनावती मार्ग में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स के सत्र में वैश्विक मुद्दों के बारे में बच्चों को बताया गया। अभ्युदय संस्था की ओर से हुए तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन सोमवार को विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। जेएमडी वर्ल्ड स्कूल को बेस्ट डेलीगेशन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यश तिवारी व प्रधानाचार्या मलिका अरोरा ने टीमों को मॉडल यूनाइटेड नेशन्स के बारे में बताया। एमयूएन में हिस्सा लेने वाले 90 छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। सेक्रेटरी श्रेया ने सभी को संबोधित किया। मुख्य अतिथि यश तिवारी ने बच्चों के बीच जाकर तार्किक रूप से कम्युनिकेशन व क्रिएटिविटी के विषय में विचार समझाया। विश्वस्तरीय विषयों पर आधारित वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अभ्युदय टीम के सभी सदस्यों ने डीजे नाइट्स का आयोजन किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट वितरित किए गए। स्कूल के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं अपर्णा, अनुप्रिया श्रविका अर्शलान ध्रुव उपाध्याय, ध्रुव नेगी, अरनव दीक्षित, अवीका, ऋषिका, कुशाग्र, ध्रुवांश, अर्श, साहेबजीत को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्या मलिका अरोरा व श्रेया शर्मा, खुशी मल्होत्रा, दिलीप शुक्ला, रामजी शर्मा व अथर्व धिमन मौजूद रहे। अभ्युदय टीम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया एवं स्कूल को ट्रॉफी प्रदान की।


सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों का सम्मान हुआ। अमृत विचार

### मारवाड़ी सम्मेलन ने मेधावियों का सम्मान किया

कानपुर। दामोदर नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का यूपी बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। हाईस्कूल में अंकुर प्रजापति ने 91 .5 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में श्रेयांक गुप्ता ने 88 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मारवाड़ी सम्मेलन कानपुर के अध्यक्ष व विद्यालय प्रबंधक ओम प्रकाश अग्रवाल व प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार अवस्थी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। महामंत्री प्रदीप केडिया, उपाध्यक्ष आदित्य पोद्दार आदि मौजूद रहे।

## जुर्माने की सजा काट रहे पांच बंदी रिहा कराए

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- **संस्था प्रकृति सहयोग फोरम ने भरा जुर्माना**

**अमृत विचार।** जेल में मूल सजा पूरी करने के बाद जुर्माने के उल्लंघन की सजा काट रहे पांच बंदियों को संस्था प्रकृति सहयोग फोरम ने जुर्माना जमा रिहा कराया।

कारागार अधीक्षक डॉ बी डी पांडेय ने बताया कि जिला कारागार में कुल पांच ऐसे सिद्धदोष बंदी निरुद्ध थे, जिन पर अन्य कोई केस लंबित नहीं था और ये सभी अर्थदंड के उल्लंघन की सजा काट रहे थे। रिहा होने वाले बंदियों में फिरोजाबाद के करवला देवनगर निवासी सोनू पंजाबी जिसका कारावास एक वर्ष का और अर्थदंड चार हजार रुपये था। कल्याणुर के कच्ची मडैया निवासी अरशद का कारावास चार वर्ष और अर्थदंड पांच हजार, गोविंद नगर निवासी अजय दिवाकर का एक वर्ष का कारावास और एक हजार अर्थदंड था। कोतवाली क्षेत्र में ईदगाह शेखपुर सिंगरौली निवासी आजाद उर्फ तुत्तल उर्फ साजन का कारावास 09 माह 15 दिन और अर्थदंड दो हजार था। वहीं चमनगंज के डिप्टी पड़ाव निवासी असद का एक वर्ष तीन माह का कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड था। इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्था प्रकृति सहयोग फोरमर की अधिवक्ता सैयद नजम, फरहान जावेद रहे।

## समर्थ के साथ डिजिटल डेवलपमेंट को बढ़ावा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**


कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में सीएसजेएमयू और डीयू में एमओयू हुआ।

**अमृत विचार।** समर्थ पोर्टल से डिजिटल डेवलपमेंट को और विस्तार मिलेगा। इसी मकसद से मंगलवार को लखनऊ स्थित एकेटीयू में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में सीएसजेएमयू और डीयू के मध्य एमओयू हुआ।

एकेटीयू में समर्थ पोर्टल लागू करने के लिए कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल की मौजूदगी में कार्यशाला हुई। इसके बाद सीएसजेएमयू और डीयू के बीच एमओयू हस्ताक्षर हुआ। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव व समर्थ से प्रो. संजीव सिंह मौजूद रहे। दो दिन पहले कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि लखनऊ में समर्थ से सामर्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ था। जिसमें समर्थ पोर्टल को सफलतापूर्वक लागू कराने की बात राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कही। उन्होंने कहा कि विवि अपनी जरूरत के अनुसार इसमें डाटा भरते रहें। उन्होंने पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए टीम वर्क को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में पोर्टल लागू हो जाने से विभिन्न समस्याओं का समाधान हो जाएगा। उन्होंने पोर्टल लागू होने के फायदों पर चर्चा करते हुए समय की बचत, धन के दुरुपयोग से बचत, एक क्लिक पर विवि की जानकारियों का प्राप्त होना, फाइलों की सहज ट्रैकिंग जैसे अनेक कार्यों के सुगमता से संपन्न होने वाले लाभों के बारे में बताया। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने सीएसजेएमूय के डिजिटल डेवलपमेंट के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि विवि में शुरु किए गए डिजिटल कल्चर से कैंपस का माहौल बदला है। जिसका परिणाम है कि पिछले अकादमिक सत्र में हमारे यहां लगभग तीन गुना अधिक प्रवेश कैंपस में हुए हैं। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर बोबडे, डॉ. पंकज एल जानी, विवि के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव आदि रहे।

## पितृ ऋण से मुक्त होना मनुष्य के लिए जरूरी : करौली शंकर

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**


पूजन करते करौली शंकर। अमृत विचार


करौली शंकर महादेव धाम में उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव धाम में मंगलवार को पूर्णिमा पर उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने करौली शंकर महादेव के सानिध्य में यज्ञ में आहुति दी और सुखी जीवन के सूत्र को समझा।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि शास्त्र कहते हैं कि मनुष्य के जीवन में तीन ऋण मुख्य होते हैं। 'देव ऋण', 'ऋषि ऋण', और 'पितृ ऋण'। इनमें से देव ऋण यज्ञादि द्वारा, ऋषि ऋण स्वाध्याय और पितृ ऋण को श्राद्ध द्वारा उतारा जाता है। इस ऋण का उतारा जाना जरूरी होता है।

जब हमारे पूर्वजों की आत्मा शांत होगी तो हमें भी सुख- समृद्धि की प्राप्ति होगी। पंच महाभूत अर्थात तत्व साधना तर्पण, अन्नदान, यज्ञ प्राणायाम और ध्यान करने से देव ऋण से मुक्ति मिलती है। जीव को परमात्मा से मिलन की प्यास जीवात्मा के परमात्मा से अलग होने के समय से ही रही है। लेकिन, जगत और माया में आकर्षित होकर प्राणी विभिन्न प्रकार के कर्म कर उन कार्यों के कर्म फलों के बंधन से बंध जाता है।

## बैंक में कलेक्शन एजेंट को पीटा

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में बैंक में घुसकर आरोपियों ने कलेक्शन एजेंट के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

गोपाल नगर निवासी विनायक तिवारी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता अनिल कुमार त्रिपाठी ओमकार नगरीय सहकारी बैंक गुमटी में कलेक्शन एजेंट हैं। 19 अप्रैल को शाम को लगभग 5.30 बजे महेन्द्र गुलाटी और उसके पुत्र विक्की गुलाटी व चार पांच अज्ञात लोगों ने उनके पिता के साथ मारपीट करने के लिए बैंक के अंदर हमला कर दिया। जिससे पिता को चोटें आई हैं। नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

## खेल के मैदान से

### फुटबाल चैंपियनशिप में शहर के दो खिलाड़ी


चयनित खिलाड़ी। अमृत विचार

**कानपुर।** स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से आयोजित राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता में शहर के दो खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। गोठिया कप नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप 25 से 29 अप्रैल के बीच ग्वालियर में आयोजित होगी। जिसमें प्रेरणा स्पेशल स्कूल कैंटोनमेंट बोर्ड से कृष्णा अग्रवाल और मो. बिलाल उत्तर प्रदेश स्पेशल ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का नेतृत्व कोच सत्येंद्र सिंह यादव करेंगे। कैंटोनमेंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनुज गोयल, उपाध्यक्ष लखन लाल, स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल, सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट सुब्रतो ने शुभकामनाएं दी हैं।

### स्टेट कराटे में वान्या को कांस्य पदक



मेडल के साथ वान्या। अमृत विचार

**कानपुर।** टीएसएच द स्पोर्ट्स हब की वान्या तोमर ने लखनऊ में आयोजित स्टेट कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। चैंपियनशिप में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से करीब 500 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टीएसएच की क्वार्टरली सदस्य वान्या ने सीनियर वर्ग की काता प्रतियोगिता में वान्या ने कांस्य पदक हासिल किया है। द स्पोर्ट्स हब के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बताया कि टीएसएच में कराटे कोच सुनील कुमार छह डान ब्लैक बेल्ट हैं और लंबे समय से कराटे का प्रशिक्षण दे रहे हैं। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने वान्या व कोच सुनील कुमार को शुभकामनाएं दी हैं।

**कवायद** आईआईटी टेक्नोपार्क के फेज-वन भवन का अनावरण

## उद्योग की चुनौतियां दूर करेगा टेक्नोपार्क

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**


उद्घाटन करते मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी पार्क के फेज 1 भवन का अनावरण किया गया। इस दौरान भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रोफेसर अभय करंदीकर मौजूद रहे। कार्यक्रम मं् उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने पार्क को नई उपलब्धि बताया। संस्थान में बनने वाला यह टेक्नो पार्क उद्योग की चुनौतियों को दूर करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर तरुण गुप्ता और प्रोफेसर जीएम कामथ को सम्मानित किया गया। समारोह में टेक्नोपार्क आईआईटीके की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर रीमा मित्तल ने कहा कि यह पार्क उद्योग और संस्थान के लिए सहयोगात्मक प्रयासों का मील का पत्थर साबित होगा।

उद्घाटन के साथ उद्योग-अकादमिक सहयोग चुनौतिया एवं अवसर विषय पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के पहले सत्र में आईआईटी कानपुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर आशुतोष शर्मा ने ऐसे प्रौद्योगिकी केंद्रों की वकालत की जो वैज्ञानिक सफलताओं को व्यावहारिक प्रौद्योगिकियों में बदलने की सुविधा प्रदान करते हैं। आईआईटी कानपुर में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग और सी3आई हब के प्रोफेसर संदीप शुक्ला ने मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों के महत्व पर जोर दिया। लौरस लैब्स के डॉ. राजाराम अय्यर ने लौरस लैब्स के उदाहरणों के साथ उद्योग-अकादमिक सहयोग के मूल्य पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आईआईटी कानपुर के सस्टेनेबल एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर राजीव जिंदल ने भी विचार व्यक्त किए। आईआईटी कानपुर में सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. नीलेश बडवे ने सेमीकंडक्टर परिप्रेक्ष्य से कार्यबल विकास और नवाचार में शिक्षा जगत के योगदान पर जोर दिया। टेक्नोपार्क आईआईटीके में मेडेट्रोनिक्स लैब्स के अनुज अवस्थी ने नवीन इलेक्ट्रोकेमिकल उपकरणों के सफल विकास की दिशा में आईआईटी कानपुर में सलाहकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उद्योग-अकादमिक सहयोग को आगे बढ़ाने में टेक्नोपार्क की भूमिका पर एक व्यापक पैनल चर्चा भी हुई। पैनलिस्टों में आईआईटी कानपुर के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग से प्रोफेसर जी एम कामथ, आईआईटी कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग से प्रोफेसर भरत लोहानी, डॉ. नीलेश बडवे, डॉ. राजाराम अय्यर, अनुज अवस्थी और सीआईआई एमएसएमई पैनल के सह-संयोजक गौरव पिलानिया शामिल थे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# राजाराम पाल, राजेश द्विवेदी और कुलदीप ने भरा पर्चा

## कानपुर सीट से गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्र ने दो सेट और दाखिल किए, दोनों सीटों से आठ उम्मीदवारों ने नामांकन कराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अकबरपुर सीट से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी राजाराम पाल, बसपा उम्मीदवार राजेश द्विवेदी और कानपुर से बसपा उम्मीदवार कुलदीप भदौरिया ने मंगलवार को नामांकन किया। कानपुर से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने दोबारा नामांकन कराया। कलेक्ट्रेट के समीप बैरियर पर प्रस्तावक और समर्थकों को नामांकन कक्ष तक जाने को लेकर राजाराम पाल और पुलिस के बीच कहासुनी हुई। आलोक मिश्रा का भी पुलिसकर्मियों से विवाद हुआ।

सपा प्रत्याशी राजाराम पाल दोपहर एक बजे के दलबल के साथ नामांकन कराने कलेक्ट्रेट पहुंचे, मगर बैरियर के पास उन्हें रोक लिया गया। पुलिसकर्मियों ने निर्धारित सिर्फ पांच लोगों को अंदर जाने को कहा। इस पर समर्थक कहासुनी करने लगे। वहीं आलोक मिश्र ने दो सेट और दाखिल किया। उन्हें भी बैरियर पर रोका गया और पुलिसकर्मियों से काफी कहासुनी हुई।

इसके अलावा कानपुर सीट से मंगलवार को छह नामांकन हुए। जिसमें बसपा प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया, निर्दलीय प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से पंकज पटेल, राष्ट्रीय समाज पक्ष से संजय कुमार द्विवेदी ने नामांकन कराया। बहुजन मुक्ति पार्टी से मनोज कुमार, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक पार्टी से प्रसस्त धीर ने नामांकन कराया। वहीं अकबरपुर सीट से बसपा प्रत्याशी राजेश कुमार ने भी नामांकन कराया।

### आलोक मिश्रा पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठे

- कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्र मंगलवार को दो सेट और दाखिल करने पहुंचे तो बैरियर पर मौजूद पुलिस ने सिर्फ पांच लोगों को ही अंदर जाने की अनुमति दी। इस उनके समर्थक हो-हल्ला करने लगे। आलोक और उनके कई साथी बैरियर के पार आ गए। जब विधायक अमिताभ बाजपेई को पुलिस ने रोका तो आलोक बैरियर के पास ही धरने पर बैठ गए। बातचीत के बाद अमिताभ को अंदर जाने दिया गया।

### रमेश अवस्थी के बेटे ने कराया संशोधन

- भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के बेटे सचिन मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे तो लोगों ने समझा कि नामांकन करने आए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ संशोधन कराना था, इसलिए आए हैं।


इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा का जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। अमृत विचार

## इंडिया गठबंधन का लहराएगा परचम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा का नामांकन जुलूस मंगलवार को तिलक हाल कांग्रेस मुख्यालय से शुरू हुआ। कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी, आप व इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए तो जुलूस में हजारों समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पदाधिकारी व कार्यकर्ता नारेबाजी और कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा लोगों से संपर्क करते हुए मेस्टन रोड से चलकर कोतवाली चौराहा होते हुए चेतना चौराहा पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद आलम व सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि आलोक मिश्रा के नामांकन जुलूस में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं जोश और उत्साह देखने को मिला है। यह उत्साह व जोश 13 मई को गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का संकेत हैं। आलोक मिश्रा की ऐतिहासिक जीत से कानपुर नगर में गठबंधन का परचम लहराएगा।


अभिवादन करते आलोक मिश्रा। अमृत विचार

# सपा प्रत्याशी राजाराम पाल हैं करोड़पति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी राजाराम पाल की सालाना आय 5.20 लाख और पत्नी रामकली की 4.52 लाख रुपये है। उनके चार खातों में एक लाख रुपये भी नहीं जमा है, लेकिन एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस 15 लाख रुपये का है।

सपा प्रत्याशी राजाराम पाल के खिलाफ लोकसभा स्ट्रीट पार्लियामेंट नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है, यह मामला सीबीआई स्पेशल जज की अदालत में चल रहा है। नगर में एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा में उनका खाता है। एक बैंक खाता पार्लियामेंट एसबीआई दिल्ली में भी है। उनके पास दो चार पहिया वाहन है। राइफल व रिवाल्वर है। खुद की खरीदी तीन संपत्तियों की कीमत 1.15 करोड़ रुपये है। इसके अलावा पैतृक संपत्ति भी है। उनके पास 40 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत तीन लाख व पत्नी के पास 50 ग्राम सोना और आधा किलो चांदी है। जिसकी कीमत चार लाख रुपये है।

### बसपा प्रत्याशी की सालाना आय 4.83 लाख

- **कानपुर।** कानपुर सीट से बसपा प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया की सालाना आय 4.83 लाख रुपये और उनकी पत्नी रिया सिंह की 2.48 लाख रुपये है। कुलदीप पर नवाबगंज व चकेरी थाने में मुकदमे भी दर्ज हैं। बैंक ऑफ इंडिया और एचडीएफसी में उनका बैंक खाता है। कुलदीप के पास 100 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत 7.50 लाख रुपये और उनकी पत्नी के पास 300 ग्राम सोना है। जिसकी कीमत 22 लाख रुपये है। जंगम आस्तियां की कीमत 18.18 लाख रुपये है। कानपुर देहात में उनका पैतृक मकान है।

### बसपा प्रत्याशी राजेश की 2.98 करोड़ की संपत्ति

- कानपुर। अकबरपुर सीट से बसपा प्रत्याशी राजेश कुमार के पास 2.98 करोड़ की चल व अचल संपत्ति है। उनकी व उनकी पत्नी मीरा के आय का साधन कृषि है। उनकी पत्नी के पास 2.33 करोड़ की संपत्ति है। राजेश के पास दो लाख व उनकी पत्नी के पास 25 लाख रुपये नकद हैं। इंडियन बैंक खाता में 8.80 लाख रुपये जमा हैं। पत्नी का खाता इंडियन बैंक, एचडीएफसी, एसबीआई में है। उनकी पत्नी के पास 7 लाख रुपये, 100 ग्राम सोना व 500 ग्राम चांदी है। 17 लाख की दो कार, तीन लाइसेंसी असलहा हैं। बिधनू थाने में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज है।

# पाल ने संविधान पुस्तिका हाथ में लेकर निकाला जुलूस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल सपा प्रत्याशी राजाराम पाल ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद हाथ में संविधान पुस्तिका लेकर नामांकन जुलूस निकाला। जुलूस में हजारों की संख्या में इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। राजाराम पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अबकी बार बनी तो वह संविधान को खत्म कर अपना शासन चलाने का काम करेगी। संविधान ने लोगों को अपनी बात कहने का अधिकार दिया है, जो भाजपा खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को बचाना है तो इंडिया गठबंधन की सरकार बनानी है। जुलूस में पूर्व विधायक सतीश निगम, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


नामांकन कराने जाते अकबरपुर के प्रत्याशी राजाराम पाल। अमृत विचार


बसपा प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया।


बसपा प्रत्याशी राजेश द्विवेदी।

### बसपा प्रत्याशियों ने शांतिपूर्वक किया नामांकन

**कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी से कानपुर नगर लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया और अकबरपुर लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को शांतिपूर्वक नामांकन कराया। वह सिर्फ अपने समर्थकों के साथ ही नामांकन कराने आए। इस दौरान दोनों प्रत्याशियों ने बसपा के कार्यकाल में हुए विकास कार्य लोगों को बताकर मतदान करने की अपील की

## मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक

**कानपुर देहात।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने सभी व्यवस्थाएं दुरस्त रखने के लिए सुझाव दिए। गर्मी मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप


जनसंपर्क करते रमेश अवस्थी। अमृत विचार

### कानपुर का सेवक बनकर करूंगा काम : रमेश अवस्थी

**कानपुर।** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने मंगलवार को हनुमान जयंती पर जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने मतदाताओं को भरोसा जताया कि कानपुर की जनता उन्हें चुनती है तो वह शहर का सेवक बनकर काम करेंगे। 24 घंटे के एक-एक पल पर हर छोटे-बड़े का अधिकार रहेगा। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ रमेश अवस्थी ने मंगलवार को ताबड़तोड़ दौरे किए और जनता से संवाद सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि कानपुर को विकसित, साफ-सुथरा और सुंदर शहर बनाने का उनका सपना है। इसके लिए दिन-रात काम किया जायेगा। एक टोल फ्री नंबर जारी कर शहर के विकास के लिए आम जनता के सुझाव लिये जाएंगे। उन्होंने सभी से भाजपा को प्रचंड मतों से जिताने और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। इस दौरान विधायक महेश त्रिवेदी, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामदेव शुक्ला, अखिलेश अवस्थी, संजय दुबे, पूर्व पार्षद पंगु यादव, सुनील नारंग सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता जनसंपर्क में रहे।


बैठक करते कमिश्नर अमित गुप्ता। अमृत विचार

### ट्रेनिंग के बाद टेस्ट भी लिया जाए

**कानपुर।** मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को नवीन सभागार सरसैया घाट में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें सकुशल चुनाव संपन्न कराने के दिशा निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि कहीं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, खर्च की गणना की जाए। शिकायत प्रकोष्ठ की शिकायतों की समीक्षा की जाए। कार्मिकों की ट्रेनिंग के बाद टेस्ट भी लिया जाए। मास्टर ट्रेनर की प्रतिदिन ब्रीफ्रिंग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद से आदर्श आचार संहिता लागू है। जिसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। कलेक्ट्रेट में शिकायत प्रकोष्ठ में प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के न्यू एसीएम बिल्डिंग में मीडिया व सोशल मीडिया सेल बनी है।


लोगों से मिलते अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

# बूथ है संगठन की जड़ भोले को मिलेगी जीत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंत्री धर्मवीर सिंह ने देवेंद्र सिंह भोले के लिए मांगे वोट
- बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक में बनाई रणनीति

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी सांसद देवेंद्र सिंह भोले के पक्ष में माहौल बनाने के लिये बिठूर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों की बैठक बिधनू में हुई। प्रदेश सरकार में कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कोई भी वृक्ष तभी लंबी उम्र पाकर वट वृक्ष बन सकता है जब उसकी जड़ें मजबूत हों। हमारे बूथ व उसके अध्यक्ष ही हमारे संगठन की मूल जड़ हैं। यही कारण है आज भाजपा जो दो सांसदों से शुरू हुई थी पिछली बार तीन सौ पार गई थी इस मर्तबा निश्चित रूप से चार सौ पार जाएगी।

उन्होंने कहा कि आज जो देश में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चौतरफा विकास हो रहा है इसके भी मूल में हमारे बूथ अध्यक्ष ही हैं। बूथ अध्यक्ष प्रत्याशी को जिताने के लिए जो भी परिश्रम करते हैं पसीना बहाते हैं उसी के चलते हम प्रदेश व केंद्र में राष्ट्रवादी सरकार बनाने में कामयाब होते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा व संचालन रूपनारायण त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में संयोजक दिनेश राय, पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा, गणेश यादव, रमेश यादव, अरुण कोरी रहे। उधर, प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने कल्याणपुर के शांति अपार्टमेंट आजाद नगर, कल्पना टावर विष्णूपुरी में जनसंपर्क किया। महाराजपुर के हरिकेश गौतम के निवास पर प्रबुद्धजनों की बैठक में भाजपा की जन समर्थित, जन समर्पित नीतियों को बताकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही। कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश, गौरव द्विवेदी, शैलेंद्र भदौरिया, अखिलेश बाजपेई, उमेश निगम, शीलू पांडे साथ रहे।

## जलकल कर्मी निकालेंगे मतदाता जागरुकता रैली

**कानपुर।** जलकल संयुक्त सफाई कर्मचारी यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को यूनियन कार्यालय में अध्यक्ष सुनील सुमन की अध्यक्षता में हुई। सुनील सुमन ने बताया कि लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से जलकल विभाग के कर्मचारी तीन मई को जलकल विभाग बेनाझाबर से एक विशाल रैली निकालेंगे। चुनाव में मतदान परिषद को बढ़ाने के उद्देश्य से जनमानस को जागरूक किया जायेगा। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय, बीएल गुलाबिया, रविन्द्र कुमार मधुर, श्रीकांत अवस्थी, आरपी श्रीवास्तव एडवोकेट, सुशील सागर सुनील कुमार, भास्कर, राहुल, सोनू, रविन्द्र कुमार, मधुर, सनी, अजय, संनी, दीप वाल्मीकि आदि रहे।

# महिला सम्मेलन में आएंगी मीनाक्षी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर लोकसभा क्षेत्र का महिला सम्मेलन 27 अप्रैल को होगा जिसमें केंद्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी शामिल होंगी। सम्मेलन साकेत नगर स्थित मंदाकिनी रॉयल होटल में होगा।

सम्मेलन में महिला चिकित्सक, इंजीनियर, उद्योगपति, वकील, कवियत्री, साहित्यकार, प्रोफेसर, कलाकार, समाजसेवी संस्थाओं, एनजीओ, शिक्षक, स्वयं सहायता समूहों की बहनों को आमंत्रित किया जा रहा है। महिला सम्मेलन में पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियां का बखान किया जाएगा। पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। भाजपा कानपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 18 मंडलों में मंडलवार महिला मोर्चा की प्रभावशाली दस-दस कार्यकर्ताओं की टीम बनाई गई है। ये महिला मोर्चा की दस सदस्यीय टीम घर घर संपर्क अभियान चलाएगी। कानपुर लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने मीनाक्षी लेखी के कानपुर आने की पुष्टि की।


मीनाक्षी लेखी। अमृत विचार

- साकेत नगर के मंदाकिनी रॉयल होटल में होगा सम्मेलन

### गृहमंत्री अमित शाह 28 अप्रैल को आएंगे

**कानपुर।** गृहमंत्री अमित शाह 28 अप्रैल को कानपुर आएंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि अमित शाह 28 को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी एवं संयोजक, विधानसभा प्रभारी एवं संयोजक, जिला अध्यक्षों एवं कोर ग्रुप के साथ बैठक करेंगे। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि गृह मंत्री के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार सुबह क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल कानपुर के जिला अध्यक्षों, लोकसभा प्रभारी एवं संयोजकों के साथ क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक करेंगे।



चुनावी रैली | निराला नगर रेलवे ग्राउंड पहुंचे पुलिस कमिश्नर और अन्य अधिकारी

# पीएम की रैली संभावित, कमिश्नर ने किया मैदान का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निराला नगर रेलवे ग्राउंड पर राजनीतिक दलों व पीएम नरेंद्र मोदी की संभावित रैलियों को देखते हुए मंगलवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार निराला नगर रेलवे ग्राउंड का निरीक्षण करने पहुंचे।

अगले हफ्ते से चुनाव प्रचार जोर पकड़ने की संभावना है। भाजपा के शीर्ष नेताओं का अगले सप्ताह से कानपुर में जमावड़ा लगना शुरू हो जाएगा। 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह के शहर में आने की संभावना है। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी व सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की रैलियां भी प्रस्तावित हैं। मोदी, योगी की संभावित रैलियों को देखते हुए मंगलवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार अधिकारियों संग निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रेलवे ग्राउंड का भ्रमण करने के साथ पार्किंग से लेकर अन्य व्यवस्थाओं के बारे में बातचीत की। इस दौरान डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार, एडीसीपी अंकिता शर्मा समेत दक्षिण जोन के तमाम थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।


निराला नगर मैदान का निरीक्षण करते पुलिस कमिश्नर। अमृत विचार

### सीसामऊ विधानसभा का कार्यालय खुला

- **कानपुर।** भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी का विधानसभा सीसामऊ का चुनाव कार्यालय मंगलवार को क्षीर सागर मिष्ठान के सामने खोल दिया गया। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की उपस्थिति में इस दौरान हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव मनाने के साथ ही सुंदर काण्ड किया गया। इस दौरान मातृ शक्ति भी ढोलक व मंजीरा के साथ प्रभु के ध्यान मे मग्न रहीं। कार्यक्रम में वीरेश त्रिपाठी, रीता शास्त्री, लोकसभा मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, अनुराग शर्मा, रंजीत भदौरिया, अनुपम मिश्रा, प्रमोद विश्वकर्मा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह, गौरव पांडे आदि रहे।

### प्रत्याशियों ने लिए नामांकन प्रपत्र

- कानपुर सीट से मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने चार प्रपत्र लिए। राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी की रंजना दीक्षित ने एक प्रपत्र लिया। निर्दलीय तरनदीप सिंह ने एक व राजाराम ने दो प्रपत्र लिए। अकबरपुर सीट से अलहिंद पार्टी की बेबी फरहाना ने दो व निर्दलीय राकेश सिंह गिहार, देवराज यादव ने एक-एक प्रपत्र लिए।

# रिश्ते में चचेरे भाई-बहन ने जहर खाकर दी जान

## रेउना थाना क्षेत्र के झबैया अकबरपुर ग्राम पंचायत में हुई घटना, प्रेम प्रसंग में आत्महत्या करने की बात आई सामने

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** रेउना थाना क्षेत्र झबैया अकबरपुर ग्राम पंचायत में रिश्ते में चचेरे भाई-बहन ने सोमवार की रात जहर खाकर जान दे दी। इस पूरे मामले में प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि जब तक पुख्ता तथ्य सामने नहीं आ जाते, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता। एसीपी रंजीत कुमार सिंह के साथ थानाध्यक्ष ने घटना की प्रारंभिक तौर पर छानबीन की है। फोरेंसिट टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

रेउना थाना क्षेत्र के झबैया अकबरपुर गांव में दिनेश कुमार गौतम की 16 वर्षीय पुत्री राखी गौतम ने सोमवार की रात करीब 11 बजे जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत गंभीर होने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उसे फौरन कानपुर देहात के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचते ही

- एसीपी के साथ थानाध्यक्ष ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल की
- फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटना से जुटे साक्ष्य जुटाए

> सोमवार रात दोनों ने अपने-अपने घरों में जहर खाकर आत्महत्या की है। सूचना पर स्थानीय पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कदम उठाए हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है।
>
> – रंजीत कुमार सिंह, एसीपी

उसकी मौत हो गई। डॉक्टर की ओर से मृत घोषित किए जाने के बाद परिवार वाले उसका शव लेकर गांव लौट आए।

उधर, परिवार वाले राखी को लेकर अस्पताल के लिए निकले, इधर झबैया अकबरपुर के मजरे पूरनपुर निवासी राज गौतम के 22 वर्षीय पुत्र अर्जुन उर्फ बादल ने भी रात करीब 11 बजे ही जहरीला पदार्थ खाकर घर के अंदर लेट गया। उसकी भी हालत बिगड़ गई। परिवार वाले जब तक उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी करते, तब तक घर पर ही उसकी भी मौत हो गई। इससे घर में कोहराम मच गया। दोनों रिश्ते में पारिवारिक चचेरे भाई-बहन थे।


गांव वालों से घटना के बारे में छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

### छठी की दावत में गया था राखी का परिवार

राखी के पिता दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि सोमवार को पड़ोस में एक छठी का कार्यक्रम था। घर के सभी लोग छठी में निमंत्रण खाने गए थे। घर पर राखी अकेली थी। निमंत्रण खाकर जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो राखी उलझन कर रही थी। पूछने पर उसने जहर खाने की बात बताई। इसके बाद उसे अकबरपुर (कानपुर देहात) के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार वाले शव लेकर गांव वापस लौट आए।

मंगलवार की सुबह दोनों के परिजनों की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह, रेउना थानाध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव, हल्का नंबर दो के इंचार्ज अनलेश सिंह सहित फोरेंसिक टीम गांव पहुंची। प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सहायक पुलिस आयुक्त रंजीत कुमार सिंह का कहना है कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। परिजनों की ओर से प्रार्थना पत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### रात में एक ही समय में दोनों ने खाया जहर

दोनों ने सोमवार की रात करीब 11 बजे एक ही समय में जहर खाया। इससे यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि जहर खाने से पहले दोनों में बातचीत हुई। सोमवार को बादल और राखी के बीच आपस में विवाद की बात सामने आ रही है। हालांकि थानाध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि दोनों गांवों के बीच 500 मीटर की दूरी है। बादल के पास तो मोबाइल मिला है, पर राखी के पास कोई मोबाइल नहीं था। मोबाइल की काल डिटेल देखी जा रही है।

### दोनों परिवारों के बीच चल रहा था मनमुटाव

परिजनों ने बताया कि अर्जुन उर्फ बादल और राखी के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। हालांकि दोनों पारिवारिक चचेरे भाई-बहन थे। राखी के पिता ने भी दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात स्वीकारी है। बादल के पिता राजू का कहना है कि दोनों के प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में मनमुटाव चल रहा था। बादल और राखी एक-दूसरे को खोना नहीं चाहते थे। इसको लेकर पहले दोनों पक्षों के बीच विवाद भी हो चुका था।

### मौतों के बाद दोनों परिवारों में मची चीख-पुकार

सोमवार की रात 11 बजे बादल और राखी के जहर खाने की बात सामने आने के बाद दोनों के परिवारों में चीख-पुकार मच गई। बादल अपने भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी बहन सोनम और भाई गुलशन, चुन्नी, बल्लू रो रोकर बेहाल थे, वहीं राखी के घर में भी मां के साथ भाई सत्यशील और बहन शर्मीली बिलख रही थी। गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। मंगलवार को दोनों के घरों के बाहर भीड़ थी।

# कार सवार लुटेरों ने दंपति और भाभी से लूटे जेवरात

संवाददाता, बिधनू

- न्यू आजाद नगर चौकी क्षेत्र में हुई वारदात
- शादी समारोह में भाग लेकर घर लौट रहे थे दंपति

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र की न्यू आजाद नगर चौकी क्षेत्र में सोमवार की देर रात करीब एक बजे शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी भाभी से कार सवार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर गहने लूट लिया। पुलिस लुटेरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

नौबस्ता के राजीव विहार निवासी शशांक मिश्रा के मुताबिक सोमवार को वह पत्नी मणि और भाभी कल्पना के साथ बाइक से मौसेरी बहन के बेटे की शादी में शामिल होने न्यू आजाद नगर स्थित एक गेस्ट हाउस गए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद देर रात करीब एक बजे घर वापस लौट रहे थे। जब वे लालेश्वर मंदिर के पास पहुंचे, तभी एक कार ने ओवरटेक कर उनकी बाइक को रोक लिया।

कार में पांच-छह लोग सवार थे। दो लोगों के पास तमंचे और रिवॉल्वर थी। कार से उतरते ही बदमाशों ने गालीगलौज करते हुए पत्नी और भाभी के जेवर उतारने को कहा। विरोध करने पर बदमाशों ने शशांक के सिर पर तमंचे की बट मारकर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने भाभी कल्पना के गले का हार, तीन अंगूठी और पत्नी मणि की दो अंगूठियां, मंगलसूत्र और सोने की चेन लूट ली।

### पुलिस को किया फोन मगर रिसीव नहीं हुआ

लूट के शिकार शशांक मिश्रा के मुताबिक लूटपाट के दौरान पीछे से आती गाड़ियों की रोशनी देखकर लुटेरे फटाफट कार में बैठकर भाग निकले। घटना के बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। बाद में थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और लुटेरों की तलाश कर रही है।

# नर्वल में खेत पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार:** नर्वल थाना क्षेत्र के टिकरा गांव में मंगलवार को खेत पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिवार वालों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक टिकरा गांव के गुलाब सिंह यादव के पुत्र गिरधारी उर्फ सुजीत (28) का शव उसके ही खेत पर मंगलवार की सुबह नीम के पेड़ के पास पड़ा मिला। शव उल्टे मुंह जमीन पर पड़ा था। उसके दोनों जूते वहीं शव के पास पड़े हुए थे। खेत पर शव पड़े होने की सूचना पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग फौरन खेत पहुंचे और फिर पुलिस को सूचना दी।


युवक की लाश मिलने पर रोती-बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

- नर्वल क्षेत्र के टिकरा गांव की घटना, पुलिस जांच में जुटी

सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन कर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिवार वालों ने सुजीत की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी। घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# किशोरी से दुराचार का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** रेउना थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की दोपहर गांव के एक युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुराचार करने का प्रयास किया। किशोरी के विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की। उसके गाल, गले सहित शरीर में कई जगह चोट के निशान हैं। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

रेउना थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीया किशोरी मंगलवार की दोपहर घर में अकेली थी। पिता खेत पर काम करने गया था। घर में किशोरी को अकेले देख गांव का ही एक शादीशुदा व्यक्ति उसके घर

- विरोध करने पर किशोरी के साथ मारपीट भी की

में घुस गया और किशोरी के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। किशोरी के पिता की ओर से थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक बेटी के शोर मचाने पर आरोपी ने उसके साथ छीना-झपटी और मारपीट की, जिससे उसके गले और गाल सहित जगह चोट के निशान हैं। शोर सुनकर पारिवारिक चाचा ने दौड़कर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग निकला। जब इसका उलहना देने किशोरी की बुआ आरोपी के घर गई तो आरोपी ने बुआ के साथ भी मारपीट की। थानाध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# स्टार्ट करते जली बाइक, जाम लगा

संवाददाता, भीतरगांव

**अमृत विचार:** साढ़-कानपुर रोड पर एक फार्म हाउस के पास स्टार्ट करते समय एक बुलेट मोटर साइकिल में आग लग गई। युवक जलती बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। बाइक में लगी आग की लपटें हवा के झोंके के साथ फार्म हाउस की गेहूं की फसल तक पहुंच गईं। सड़क पर बाइक के धू-धू कर जलने से सड़क पर जाम लग गया। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने पर आग में काबू पाया जा सका। इस दौरान साढ़ पुलिस मौके पर डटी रही।

बताते हैं कि एक बुलेट मोटर साइकिल सवार युवक साढ़ से कानपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह साढ़ से फार्म हाउस के सामने पहुंचा, तभी उसकी मोटर साइकिल बंद हो गई। युवक उसे स्टार्ट करने की कोशिश करने लगा।


आग से जली बाइक। अमृत विचार


सड़क पर थम गई वाहनों की रफ्तार।

- बाइक की आग फार्म हाउस की फसल तक पहुंची
- फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, फसल बची

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक तो स्टार्ट नहीं हुई, बल्कि उसमें आग लग गई। आग लगते ही बाइक सवार युवक मौके से भाग निकला।

बाइक की आग हवा के झोंकों के साथ आसपास खड़े खर-पतवार तक पहुंच गई। आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप लेना शुरू कर दिया, जिससे सड़क पर वाहनों के पहिए थम गए और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। आग फार्म हाउस के गेहूं की फसल तक पहुंच गई। इस बीच साढ़ पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे फसल का नुकसान होते बच गया। साढ़ थाना प्रभारी का कहना है कि समय रहते आग पर काबू पाने से गेहूं की फसल का नुकसान होते बच गया है। बाइक सवार युवक का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# खूनी रफ्तार: कार ने छीन ली बच्चे की जिंदगी

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** रेउना थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह रोड पार कर रहे बच्चे को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर सांसें थम गईं। हादसे के बाद भाग रहे कार चालक को ग्रामीणों ने दौड़ाकर दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। हादसे के बाद शादी की खुशियां काफूर हो गईं। मां-बाप बिलखते रहे।

रेउना थाना क्षेत्र के कोरो गांव निवासी मुकेश कुमार अपनी पत्नी प्रभा, बेटी बिटोला और सात वर्षीय बेटे दिव्यांश को लेकर शाखा जनवारा के एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान दिव्यांश गेस्ट हाउस के सामने रोड पार करने लगा, तभी तेज रफ्तार बोलेरो कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दिव्यांश की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद कार चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन

- रोड पार करते समय तेज रफ्तार कार ने रौंदा
- पुलिस ने चालक हिरासत व कार को कब्जे में लिया


दिव्यांश।

लोगों ने दौड़ाकर उसे घेर लिया। कुछ लोगों ने कार चालक रामनरेश निवासी शेरपुर को पकड़ने के बाद पीट दिया और फिर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। हादसे में बच्चे की मौत के बाद मां-बाप बिलखते रहे। रेउना थाना प्रभारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।


महाराजपुर क्षेत्र के कमालपुर में हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़। अमृत विचार

### तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटा, बच्चे की मौत


कृष्णा।

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में मंगलवार की दोपहर तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक बेकाबू होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई। कमालपुर निवासी पप्पू का बेटा कृष्णा (11) मंगलवार दोपहर अपनी मां के साथ खेत पर जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ई रिक्शा की चपेट में आने से वह बुरी तरह जख्मी हो गया। तेज रफ्तार ई रिक्शा पलट भी गया। ई रिक्शा गांव का ही कमल कुशवाहा चला रहा था। परिवार वाले फौरन बच्चे को लेकर सरसौल सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे आरोपी ई-रिक्शा चालक कमल को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। महाराजपुर एसओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

### नाले में बाइक गिरने से किसान की गई जान

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के प्रधानपुर निवासी चरन पाल यादव गांव में ही किसानी करते थे। वह अपनी बेटी पारुल को रोज कोचिंग के लिए गांव से हाईवे तक बाइक से छोड़ने आते थे। मंगलवार को भी वह बेटी को कोचिंग छोड़ने के लिए बाइक से निकले थे। मानपुर गांव के पास अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी, जिससे पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के दौरान वहां मौजूद राहगीरों ने पिता-पुत्री को फौरन शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों चरनपाल यादव को मृत घोषित कर दिया। हादसे में बेटी पारुल का हाथ टूट गया है। उसे सीएचसी में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। एसओ सुबोध कुमार ने बताया कि चरनपाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


चरनपाल यादव।

# आग से मवेशी जला किसान भी झुलसा

**शिवराजपुर।** बीरामऊ में मंगलवार सुबह छप्पर में आग लग गई। छप्पर के नीचे बंधे मवेशी झुलसने लगे। उन्हें बचाने के प्रयास में किसान झुलस गया। इस बीच एक मवेशी की जलकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने किसान को निकालकर सीएचसी भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया।

बीरामऊ निवासी किसान महेश लाल घर के पास ही मवेशियों के लिए बाड़ा बना था। मंगलवार की सुबह बाड़े में आग लग गई, जिससे फूस का छप्पर जलने लगा। महेश लाल ने जानवरों को बाहर निकलने लगे। ग्रामीण फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों ने किसी तरह किसान महेश लाल को बाहर निकाला, लेकिन वह बुरी तरह झुलस गया। सूचना के करीब दो घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

## सार-संक्षेप

### कॉलेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी का कुलपति ने किया सम्मान

**घाटमपुर।** श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहारी के प्रबंधक एवं उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो .विनय कुमार पाठक और निदेशक महाविद्यालय विकास परिषद प्रो .राजेश कुमार द्विवेदी ने मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। यह सम्मान छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में दिया गया। कुलपति ने कहा कि वह श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहारी में जनपद स्तरीय रोजगार मेला और उच्च शिक्षा के मानकों के अनुसार तैयार करने के लिए मंथन होगा।


प्रबंधक विनय त्रिवेदी को सम्मानित करते कुलपति विनय पाठक।

### लाफिंग बुद्धा की प्रधानाचार्या पुरस्कृत

**कानपुर।** हंसपुरम नौबस्ता स्थित लाफिंग बुद्धा अकेडमी (सीबीएसई) की प्रधानाचार्या कीर्ति पसान को शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व प्रयासों व प्रगतिशील विचारों के लिए रविवार को सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजित एक समारोह के दौरान उन्हें स्वामी विवेकानंद नेशनल प्रिंसिपल अवॉर्ड से पुरस्कृत किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय मैनेजमेंट के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्टॉफ के अलावा वहां पढ़ाई कर रहे बच्चों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।


प्रधानाचार्य कीर्ति पसान सम्मानित।

### जीजीआईसी में टॉपर छात्राओं का किया गया सम्मान

**घाटमपुर।** मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉपर छात्राओं को प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने पुरस्कृत किया। इंटरमीडिएट में माही द्विवेदी ने सर्वाधिक 91.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान पाया। हाईस्कूल में कृतिका ने 80.7% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुष्का ने 77.83 % अंक हासिल कर द्वितीय स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट में राधा ने 80% अंक हासिल कर द्वितीय और रोशनी ने कला वर्ग में 65.6% अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया। टॉपर छात्राओं को सम्मानित करने में प्रधानाचार्या अंजू सिंह, शिक्षक अशोक शुक्ला, मंजू यादव, मधु यादव, कंचन वर्मा, पूनम यादव, आशा देवी, लक्ष्मी दमेरिया रहीं।


छात्रा माही द्विवेदी को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्या अंजू सिंह।

### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़े भक्त

**चौबेपुर।** हनुमान जयंती पर मंगलवार को कस्बा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्तों ने हनुमान जी की पूजा कर प्रसाद अर्पित किया। प्रकटोत्सव पर श्रद्धालुओं में उत्साह था। मंदिरों में भव्य सजावट की गई थी। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्त पहुंचने लगे। भक्तों ने प्राचीन प्रतिमा के दर्शन कर धूप, दीप, पुष्प व सिंदूर आदि के साथ हनुमान जी का पूजन अर्चन कर प्रसाद चढ़ाया। इसी तरह क्षेत्र के किशुनपुर स्थित बड़े महावीर मंदिर में भी सुबह से देर शाम तक दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।


हनुमान मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु।

# नाबालिगों को भेजा जेल ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** रुद्रपुर बैल में शनिवार शाम दो पक्षों में संघर्ष में नामजद दो नाबालिगों को जेल भेजे जाने से ग्रामीणों में गुस्सा है। डीसीपी ने जांच में मामला सही पाए जाने पर नाबालिगों को बाल सुधार गृह स्थानांतरित किए जाने की बात कही है। वहीं, तनाव को देखते हुए मंगलवार को भी गांव में पुलिस बल तैनात रहा।

रुद्रपुर बैल गांव में शनिवार शाम एक रैली से लौट रहे कुछ युवकों द्वारा उत्तेजक नारेबाजी को लेकर दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर चल गए थे। घटना में 11 लोग घायल हुए थे। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 30 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में

- तनाव को देखते हुए गांव में अभी भी पुलिस बल तैनात

मुकदमा पंजीकृत कर 14 आरोपितों को गिरफ्तार का जेल भेजा था। बिना जांच-पड़ताल पुलिस द्वारा दो नाबालिगों को जेल भेजने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों के अनुसार एक की उम्र 17 वर्ष और दूसरे की उम्र 15 वर्ष है। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते मंगलवार को भी पुलिस बल तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने कहा कि स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है। एहतियात के तौर पर अभी गांव में पुलिस बल तैनात है। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने कहा कि यदि कोई नाबालिग है तो कार्यपालक मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजकर जेल से बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।

होगी कार्रवाई | बिल्हौर नगर पालिका परिषद के पिछले कार्यों में अनियमितता का मामला

# गड़बड़झाला की जांच करने पहुंची टीम

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद में बीते कार्यकाल में कराए गए तमाम विकास कार्यों में करोड़ों रुपये के घोटाले का जिन्न एक बार फिर बाहर निकल आया है। वर्ष 2020-21, 22 में कई वार्डों में कराए गए विकास कार्यों में करोड़ों रुपये का गड़बड़झाला बताया जा रहा है। इसकी जांच करने के लिए मंगलवार को टीम पहुंची।

कस्बे के वार्ड नंबर 9 निवासी मोहम्मद हसन की ओर से नगर विकास के प्रमुख सचिव व जिलाधिकारी से पूरे मामले की शिकायत की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. राकेश कुमार सिंह ने एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार की अगुवाई में तीन मजिस्ट्रेटों का पैनल बनाकर जांच टीम गठित की है। मंगलवार को जांच के लिए पहुंचे एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने वार्ड नंबर तीन और नौ के कई विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।


गड़बड़ी वाले कामों की जांच करते एडीएम सिटी राजेश कुमार। अमृत विचार

एडीएम के साथ एससीएम छह रितु प्रिया और बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा भी मौजूद रहीं। एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि यह प्रकरण काफी पुराना है। जांच प्रक्रिया लंबी चलेगी। शिकायतकर्ता की ओर से लगभग तीन दर्जन विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत की गई है, जिसका भौतिक परीक्षण कराया जाएगा। इसमें पीडब्ल्यूडी के ऐई और जेई का भी सहयोग लिया जाएगा।

### ठेकेदार के कार्यों की हो रही जांच: चेयरमैन

नगर पालिका अध्यक्ष इखलाक खान का कहना है कि यह मामला उनके कार्यकाल का नहीं है। ठेकेदार नईम कुरैशी की ओर से किए गए कार्यों की जांच हो रही है। इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। शिकायत में तीन वर्षों के दौरान सड़क, नाली, नाला, खड़ंजा इंटरलॉकिंग, आवास के कामों में भ्रष्टाचार का आरोप है। यह भी आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन ने शिकायतों को दबाया।

